Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to continue train no. 15113/15114 up between Lucknow and Chhapra and to provide stoppage at Dudrai railway station in Deoria, Uttar Pradesh.

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आदरपूर्वक आभार व्यक्त करता हूं । मैं देवरिया लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आता हूं । उसके अंतर्गत कुशीनगर जिले में फाजिल नगर विधान सभा है । उसमें दुधई रेलवे स्टेशन है, जो गोरखपुर छपरा मार्ग पर अवस्थित है । यह कृषि बहुल क्षेत्र है और यहां से बहुत मजदूर बाहर काम करने के लिए आते-जाते हैं । लखनऊ से छपरा तक ट्रेन संख्या 15113 डाउन चलती थी और ट्रेन संख्या 15114 अप ट्रेन चलती थी, लेकिन यह छह महीने चली है और अब बंद होने जा रही है । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इसे जारी रखा जाए और इसका स्टॉपेज दुधई स्टेशन पर अवश्य हो ।

दूसरी समस्या यह है कि दुधई में रेलवे का एक आरक्षण केन्द्र था, जो 23 मई, 2018 से बंद कर दिया गया है । इस वजह से लोगों को आरक्षण के लिए 90 किलोमीटर गोरखपुर, 70 किलोमीटर देवरिया, 50 किलोमीटर पडरौना जाना पड़ता है । इस आरक्षण केंद्र को पुन: दुधई में चालू किया जाए । एक बात यह भी है कि यहां जन सुविधाएं बिलकुल नहीं हैं । वहां न बैठने की जगह है और न शौचालय है और न ही पानी है । आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह है कि वहां जन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ।